FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

सराहनीय कार्य थाना दक्षिण दिनाँक 25/9/2023 जनपद फिरोजाबाद।

थाना दक्षिण पुलिस टीम की बड़ी सफलता, अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करते हुए अभियुक्त प्रेमवीर को किया गिरफ्तार कब्जे से 08 तमंचा मय 03 जिन्दा कारतूस व भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अवैश शस्त्रों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक-24.9.23 को वाटर पार्क के पास मैदान कन्हैयानगर से अवैध शस्त्र फैक्ट्री में बनाए जा रहे अवैध असलहों एवं उपकरणों सहित अभियुक्त प्रेमवीर यादव पुत्र वेदप्रकाश निवासी ठार वाजिदपुर थाना दक्षिण जनपद को गिरफ्तार किया गया है। अवैध शस्त्र फैक्ट्री से 06 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद तमंचा 12 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर एवं भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। बरामदगी का आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1-प्रेमवीर यादव पुत्र वेदप्रकाश निवासी ठार वाजिदपुर थाना दक्षिण जनपद – फिरोजाबाद उम्र 26 वर्ष

बरामदगी विवरण-

1-06अदद तमंचा 315 बोर

2.02 अदद तमंचा 12 बोर

3.02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

4.01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

5.एक अदद जिसमें शस्त्र बनाने के उपकरण व खोखा कारतूस

आपराधिक इतिहास प्रेमवीर उपरोक्त -

1-मु0अ0सं0-639/23 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना दक्षिण फिरोजाबाद

2-मु0अ0सं0-111/23 धारा 147/323/504/506/452/354/427 भा0द0वि0 थाना दक्षिण फिरोजाबाद

3- मु0अ0सं0- 707/15 धारा 147, 148, 307, 323, 504, 506

गिरफ्तार कनरे वाली पुलिस टीमः-

1-श्री नरेन्द्र शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

2-व0उ0नि0 गौरव शर्मा थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

3-उ0नि0 सतीश चन्द्र थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

4-है0का0 703 होरीलाल, 5-है0का0 482 देवेन्द्र कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

6-का0 103 पंकज कुमार, 7-का0 576 राहुल पाठक थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।